मॉडल – (01)
विषय – सामाजिक विज्ञान, (213)
कक्षा – दसवीं (हाईस्कूल)

समयः 3 घण्टे पूर्णांक– 100

निर्देशः–

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

(2) प्रश्न क्रमांक 01 में चार खण्ड है। जिसमें 'खण्ड–अ' बहुविकल्पीय प्रश्न है। 'खण्ड–ब' खाली स्थान की पूर्ति करना एवं ' खण्ड–स' सत्य/असत्य तथा खण्ड '' द'' उचित संबंध बनाइए। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक आबंटित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 02 से 13 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है।

(4) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 26 से 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

(खण्ड – अ)

प्रश्न (01) (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए – (2)

(I) इनमे से क्या खोज की यात्राओं का परिणाम नही था ?

(अ) एशिया और अफ्रीका में उपनिवेशों की स्थापना।

(ब) यूरोपीय वाणिज्य का विस्तार।

(स) उपनिवेशों की समृद्वि में वृद्वि

(द) गुलाम व्यापार की शुरूआत।

(ii) अमेरिका को कितने उपनिवेशों में विभाजित किया गया था –

(अ) 13

(ब) 14

(स) 15

(द) 16

(iii) वेदों के अचूक प्रभाव पर विशेष जोर नही देते थे ?

(अ) स्वामी विवेकानन्द

(ब) दयानन्द सरस्वती

(स) सैय्यद अहमद खान

(द) रामकृष्ण परमहंस

(iv) ' फूट डालो और राज करों ' ब्रिटिश नीति किसने लागू की ।

(अ) लार्ड केनिंग

(ब) लार्ड डलहौजी

(स) लार्ड बिलियम बैंटिग

(द) लार्ड वेलेजली

(v) कौन सी जगह मार्च में सबसे अधिक गर्मी होगी–

(अ) दिल्ली

(ब) शिलांग

(स) पंजाब

(द) ढक्कन का पठार

(खण्ड़ – ब)

प्रश्न (01) (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(i) मौसमी पवन को .... कहा जाता है।

(ii) 2001 की जनगणना अनुसार सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य .... है।

(iii) देश के पूर्व–पश्चिम गलियारे .... और .... के रूप में .... में स्थित है।

(iv) भारत का संविधान .... सन् में लागू हुआ था।

(v) नीति निर्देशक सिद्वांतों का विचार .... के संविधान से लिया गया है।

(खण्ड़ – स)

प्रश्न (01) (स) सत्य/असत्य लिखिए –

(i) अंग्रेज भारत में व्यापारी के रूप में आए थे।

(ii) नील की खेती से भारतीयों में असंतोष था।

(iii) शोषण के विरूद्व अधिकार नीति निर्देशक सिद्वांत है।

(iv) शिवसेना बिहार का एक राजनीतिक दल है।

(v) भारत में चुनाव कराने का कार्य चुनाव आयोग का होता है।

(खण्ड़ – द)

प्रश्न (01) (द) सही संबंध स्थापित कीजिए –

(अ)	(ब)
(i) मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति	(क) लैंगिक भेदभाव
(ii) राज्य का संवैधानिक प्रमुख	(ख) राष्ट्रपति
(iii) भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौती	(ग) राज्यपाल
(iv) पर्यावरणीय क्षरण का कारक	(घ) आतंकवाद
(v) शांति और सुरक्षा में खतरा	(ड.) औद्योगीकरण

प्रश्न (02) मानव विकास की नवीनतम अवस्था कौन सी थी ?

प्रश्न (03) यूनान के दो महत्वपूर्ण नगर राज्यों के नाम लिखिए ?

प्रश्न (04) विज्ञान के क्षेत्र में पुर्नजागरण के कम से कम दो योगदान बताइए।

प्रश्न (05) अंग्रेजों ने देशी राज्यों के अधिग्रहण के लिए कौन से दो मुख्य तरीके अपनाए।

प्रश्न (06) किसानों तथा जनजातीय विद्रोहों के दो समान लक्षणों के नाम लिखे।

प्रश्न (07) भारत के साथ दो देशों के मध्य सीमा का नाम लिखिए।

प्रश्न (08) उन दो राज्यों के नाम बताइए जहाँ पर कोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नही है ?

प्रश्न (09) भारतीय संविधान में वर्णित स्वतंत्रता के दो अधिकारों के नाम लिखिए।

प्रश्न (10) भारतीय नागरिकों के किन्ही दो मूल कर्त्तव्यों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न (11) भारत के ऐसे दो राज्यों के नाम बताइए जहाॅ द्विसदनीय विधायिका है।

प्रश्न (12) लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी का क्या अर्थ है ?

प्रश्न (13) निम्नलिखित को जैविक और अजैविक समूह में रखिए –

पौधे, जल, मिट्टी, पशु, आग, रोगाणु, स्थलाकृति, जीवाणु

प्रश्न (14) भारत में क्षेत्रीय विषमता के कौन–कौन से कारण है, किन्ही तीन कारणों का विवरण दीजिए।

प्रश्न (15) विषमता और विविधता में अन्तर उपयुक्त उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न (16) भारत में राज्यपाल बनने हेतु कौन–कौन सी योग्यताएँ होनी चाहिए ?

प्रश्न (17) मूल अधिकार एवं राज्य नीति निर्देशक सिद्वांत में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न (18) ग्राम पंचायतें कौन–कौन से कार्य करती है ? किन्ही तीन का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न (19) परिवहन के अन्य साधनों की अपेक्षा वायुमार्ग के क्या लाभ है ?

प्रश्न (20) रूसी क्रांति समाजवाद की विचारधारा से प्रेरित थी ? संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

अथवा

द्वितीय विश्वयुद्व कब हुआ ? इनके कारणों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न (21) औद्योगिक क्रांति का भारत की अर्थ व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

भारत में अंग्रेजी शिक्षा नीति लागू करने के कारणों का उल्लेख करते हुए भारत में राष्ट्रवाद पर पड़ने वाले प्रभावों का विवरण दीजिए।

प्रश्न (22) भारत में अंग्रेजी शासन काल में किसान विद्रोह का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

अथवा

अंग्रेजी शासनकाल में हुए जनजातीय विद्रोह का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

प्रश्न (23) आपदा प्रबन्धन से क्या आशय है ? हम आपदाओं के प्रतिकूल प्रभाव को कैसे कम कर सकते है ?

अथवा

पर्यावरण क्षरण को परिभाषित कीजिए। पर्यावरण क्षरण के कारकों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न (24) संचार की नवीन तकनीक का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अथवा

भारत में जनसंख्या घनत्व एवं वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न (25) राज्य विधानसभा के विभिन्न कार्यो का वर्णन कीजिए।

अथवा

राष्ट्रपति के कार्यो का वर्णन कीजिए।

Ajay

प्रश्न (26) दबाव समूह का अर्थ स्पष्ट करते हुए भारत के राजनीतिक दल एवं दबाव समूह में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

जनमत निर्माण के विभिन्न साधनों का भारत के सन्दर्भ में वर्णन करते हुए तुलनात्मक विवरण दीजिए।

प्रश्न (27) भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए –

बंगाल सागर, K_2 पर्वत, चेन्नई नगर, $82\frac{1}{2}^0$ की पूर्वी देशान्तर रेखा, ताप्ती नदी, खंभात की खाड़ी।

अथवा

अरब सागर, कांडला बन्दरगाह, कर्क रेखा, नीलगिरि पर्वत, दिल्लीनगर, इंदिरा प्वाइंट

------- XXXX --------